मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-469
19/12/2019

गया में जल–जीवन–हरियाली अभियान से संबंधित मुख्यमंत्री ने की समीक्षा बैठक

पटना, 19 दिसम्बर 2019 :– जल–जीवन–हरियाली यात्रा के क्रम में गया समाहरणालय सभागार में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में जल–जीवन–हरियाली अभियान से संबंधित मगध प्रमंडल (गया, नवादा, औरंगाबाद, अरवल एवं जहानाबाद) की समीक्षा बैठक संयुक्त रूप से की गई। समीक्षा बैठक में सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं (कुंओं, चापाकल, आहर, पाइन, तालाब) को अतिक्रमण मुक्त कराकर उनका जीर्णोद्धार, नलकूपों, कुंओं एवं चापाकल के किनारे सोख्ता निर्माण, जल संरक्षण संरचना, छोटी–छोटी नदियों, नालों, पहाड़ी क्षेत्रों में चेकडैम एवं जल संचयन के अन्य संरचनाओं का निर्माण, नए जल स्रोतों का सृजन, सरकारी भवनों में छत वर्षा जल संचयन, पौधशाला सृजन एवं सघन वृक्षारोपण, जैविक खेती एवं टपकन सिंचाई समेत कई मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गयी। साथ ही सौर ऊर्जा उपयोग को प्रोत्साहन, ऊर्जा की बचत, हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली नालियाँ, राज्य में बची सभी संपर्क विहीन बसावटों को पक्की सड़कों से जोड़ना, शौचालय निर्माण घर का सम्मान, बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम, ऊर्जा विभाग की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर विस्तृत रूप से विमर्श किया गया। समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने–अपने क्षेत्र की जन समस्याओं एवं शिकायतों को रखा जिसके शीघ्र समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिये गये।

बैठक के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि टॉप मोस्ट प्रॉयरिटी में रखते हुए फल्गु नदी में नाले का पानी गिरने पर तत्काल रोक लगाएं। उन्होंने कहा कि फल्गु नदी के दोनों किनारे से किसी भी सूरत में नाले का पानी नदी में नहीं गिरना चाहिए। इसके लिए जरूरत के मुताबिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाकर नाले के ट्रीटेड पानी का इस्तेमाल सिंचाई के काम में करें। गया जिले में चिन्हित किये गए सार्वजनिक कुंओं की संख्या का दोबारा आंकलन कराने का मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में शामिल सभी जनप्रतिनिधियों से 19 जनवरी 2020 को जल–जीवन–हरियाली अभियान एवं नशामुक्ति के पक्ष में और बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ बनने वाली मानव श्रृंखला में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को इस मानव श्रृंखला में शामिल होने के लिए प्रेरित करें ताकि जल को संरक्षित करने एवं हरियाली को बढ़ावा देने का एक मजबूत संदेश जन–जन तक पहुंचे।

बैठक में शिक्षा मंत्री सह गया जिले के प्रभारी मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, कृषि एवं मत्स्य संसाधन मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार, जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, खान भूतत्व मंत्री श्री विनोद कुमार सिंह, ग्रामीण विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री श्रवण कुमार, सांसद श्री चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, गया, नवादा, औरंगाबाद, अरवल एवं जहानाबाद के विधायकगण एवं विधान पार्षदगण, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, संबंधित विभागों के एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े विभिन्न विभागों के अपर मुख्य

सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पांचों जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******